N.9: RRCAT paper wins the SPIE award during Photonics 2012

The paper entitled "Depolarization Characteristics of NonSpherical Gold Nano Particles", by M K Swami, H S Patel, A Uppal, P K Kushwaha, and P K Gupta, which was presented by Shri M K Swami, at Photonics 2012, International Conference on Fiber Optics and Photonics held at IIT Madras, Chennai during December 09-12, 2012 has been awarded the second prize by SPIE.

N.10: Best Poster Award during Plasma-12

The poster entitled "Laser wake-field acceleration in laser produced plasma plume target" by B S Rao, A Moorti, J A Chakera, P A Naik, and P D Gupta received "Best Poster Award of the Plasma Science Society of India" during 27th National Symposium on Plasma Science & Technology" (Plasma-12) held at Pondicherry University, Puducherry from December 10-13, 2012. The award carries a certificate and a cash prize of Rs. 5,000.

N.11: आरआरकेट में माह जुलाई, 2012 से दिसंबर, 2012 तक की अवधि के दौरान हिन्दी के प्रचार–प्रसार से संबंधित विभिन्न गतिविधियाँ

राजा रामन्ना प्रगत प्रौद्योगिकी केन्द्र, इन्दौर में राजभाषा हिन्दी के प्रचार–प्रसार के क्षेत्र में किए गए कार्यों तथा प्रमुख उपलब्धियों का ब्यौरा निम्नानुसार है :–

1. **विशेष हिन्दी कार्यशाला का आयोजन :** केन्द्र की राजभाषा कार्यान्वयन समिति की 93वीं बैठक में लिए गए निर्णयानुसार दिनांक 13 जुलाई 2012 को केन्द्र के अग्निशमन एवं संरक्षा अनुभाग में एक विशेष हिन्दी कार्यशाला का आयोजन किया जिसमें वहां के कर्मचारियों को संघ की राजभाषा नीति, हिन्दी में कंप्यूटर पर कार्य कैसे करें तथा तिमाही रिपोर्ट आदि विषयों पर व्याख्यान दिए गए तथा हिन्दी में सरकारी कार्य में आने वाली बाधाओं को दूर किया गया।

2. **हिन्दी कार्यशाला का आयोजन :** दिनांक 03.08.2012 को वैज्ञानिक अधिकारी (सी) एवं (डी) के लिए एक पूर्ण दिवसीय हिन्दी कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें कुल 22 प्रतिभागियों को प्रशिक्षित किया गया। इसी प्रकार दिनांक 26.12.2012 को केन्द्र के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिए एक पूर्ण दिवसीय हिन्दी कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें संघ की राजभाषा नीति, सूचना का अधिकार अधिनियम, नई पेंशन योजना, छुट्टी नियम, एलटीसी, आचरण नियमावली तथा यूनिकोड के माध्यम से कम्प्यूटर पर हिन्दी में कार्य आदि विषयों पर व्याख्यान दिए गए। इस कार्यशाला में प्रशिक्षित कुल 22 प्रतिभागियों जिसमें 03 अधिकारी तथा 20 कर्मचारियों से अपने रोजमर्रा के सरकारी कामकाज में हिन्दी का प्रयोग करने का अनुरोध किया गया।

हिन्दी दिवस के अवसर पर दीप प्रज्ज्वलित करते हुए मुख्य अतिथि श्री आर.एन. शिन्दे, विमानपत्तन निदेशक, भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण, इन्दौर, साथ में है श्री बी.के. जेना, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी एवं अध्यक्ष, राभाकास. श्री आर. सत्यमूर्ति, संयुक्त नियंत्रक (वित्त एवं लेखा) तथा श्री जे.एन. सोनी, उप निदेशक (राभा) एवं सचिव राभाकास।

3. **हिन्दी दिवस समारोह का आयोजन**

आरआरकेट की राजभाषा कार्यान्वयन समिति की ओर से हिन्दी दिवस समारोह का आयोजन शुक्रवार दिनांक 14 सितंबर 2012 को अपराह्न 3.00 बजे आरआरकेट के मुख्य सभागृह में किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि एवं प्रमुख वार्ताकार श्री आर.एन. शिन्दे, विमानपत्तन निदेशक, भारतीय विमान पत्तन प्राधिकरण, इन्दौर थे। श्री बी.के. जेना, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी एवं राभाकास के अध्यक्ष ने समारोह की अध्यक्षता की एवं श्री आर. सत्यमूर्ति, संयुक्त नियंत्रक (वित्त एवं लेखा) विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित थे। इस अवसर पर माननीय गृह मंत्री भारत सरकार श्री सुशील कुमार शिन्दे तथा परमाणु ऊर्जा आयोग के अध्यक्ष एवं परमाणु ऊर्जा विभाग के सचिव डॉ. रतन कुमार सिन्हा द्वारा हिन्दी दिवस पर जारी संदेशों का वाचन किया गया। मुख्य अतिथि श्री आर.एन. शिन्दे ने राजभाषा हिन्दी के बढते चरण पर वार्ता प्रस्तुत की। इस अवसर पर मुख्य अतिथि एवं मुख्य वार्ताकार ने केन्द्र की गृह पत्रिका प्रगति के 24वें अंक में प्रकाशित लेखों एवं कविताओं के रचनाकारों को सम्मानित भी किया।

प्रस्तुति :
जय नारायण सोनी (jnsoni@rrcat.gov.in)